Question Bank
Class : VI
Subject : Hindi

1. अपठित गद्यांश

1. देश - प्रेम एक पवित्र भावना का नाम है । जिस मनुष्य में यह भावना है ,उसमे नि:स्वार्थ प्रेम ,बलिदान ,त्याग जैसे भाव स्वत: ही आ जाते है । जिस वसुधा ने अन्न - जल से पोषण करके हमें बड़ा किया उसके लिए हमें अपना सब कुछ समर्पित कर देना चाहिए । देश - प्रेम का अर्थ प्राणों का बलिदान ही नहीं है ,हम इमानदारी से अपना कर्म करते हुए भी देश की सेवा कर सकते है । यहाँ ध्यान रखने योग्य यह है कि हमारे कार्य ,आचरण या व्यवहार से देश की मर्यादा को ठेस न लगे और उसके सम्मान में वृद्धि हो । यही सच्ची देशभक्ति है ।

(क) देश-प्रेम के साथ कौन से भाव जुड़े है ?
(ख) देश प्रेम का अर्थ क्या है ?
(ग) सच्ची देश भक्ति क्या है ?
(घ) वसुधा के लिए क्या समर्पित करना चाहिए?
(ङ) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ?

2. वसंत ऋतु में पेड़ - पौधे नए पत्तों और फूलों से सज जाते है । सुगंधित वायु आते - जाते यात्रियों के ह्रदय में आनंद का संचार कर देती है । मधुमक्खियॉ पुष्पों से रस लेकर मधु का संचय करती है ,भौरें अपने गुंजन से संगीत सुनाते है । कोयल की काकली भला किसका मन मुग्ध नहीं करती ?सभी ओर सौंदर्य का राज्य होता है । ऐसे समय में समझदार लोग प्रात: वनो और उपवनों में भ्रमण कर स्वास्थ्य लाभ करते है । वसंत ऋतु हर्ष और उल्लास की ऋतु है ।

(क) बसंत ऋतु में प्रकृति में क्या -क्या परिवर्तन होते हैं ?
(ख) “काकली” किसकी ध्वनि को कहते है ?
(ग) लोग वसंत ऋतु में क्यों भ्रमण करते है ?
(घ) मधुमक्खियॉ रस कहॉ से इकट्ठा करती है ?
(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

3. जहॉ नारी की पूजा होती है , वहाँ देवता निवास करते है । समाज रूपी रथ के दो पहिए है । एक नर दूसरा नारी । नारी अपनी कोमलता ,भावुकता ,करुणा तथा ममता के लिए पुरुष से कही बडकर है । त्याग ,तपस्या ,सौम्यता सुषमा तथा शांति की प्रतीक नारी ही है । नारी के कई रूप है । वह जननी , बहन तथा पत्नी है । प्राचीन काल में नारी को पुरुष के समान ही उच्च स्थान प्राप्त था । नारी का स्थान मध्यकाल में गिरा । आधुनिक काल में नारी ने फिर यह सिद्ध कर दिखाया कि वह किसी भी क्षेत्र में पुरुष से कम नहीं है ।

(क) समाज रूपी रथ के दो पहिए कौन - से है ?

(ख) प्राचीन काल में किसको उच्च स्थान प्राप्त था ?
(ग) देवता कहॉ निवास करते है?
(घ) नारी के के कौन - कौन से रूप है ?
(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

अपठित पद्यांश

1. दूध - सा धुला सादा लिबास है ,तुम्हारा

निकले हो शायद चौरंगी की हवा खाने
बैठना था पंखे के नीचे ,अगले डिब्बे में ,
ये तो बस इसी तरह लगाएगे ठहाके ,
सुरती फाकेगे
भरे मुह बात करेंगे अपने देस -कोस की ।

(क) सादा लिबास किसके लिबास के लिए प्रयोग किया गया है ?
(ख) चौरंगी किस महानगर का प्रसिद्ध स्थान है ?
(ग) अगले डिब्बे से कवि का क्या तात्पर्य है ?
(घ) देस -कोस का अर्थ स्पष्ट करें ?
(ङ) इन पंक्तियों का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

2. वह पथ क्या पथिक कुशलता क्या !

यदि पथ में बिखरे शूल न हो !

नाविक की धैर्य परीक्षा क्या

यदि धाराएं प्रतिकूल न हो ?

(क) कवि इन पंक्तियों में किस पथ की बात कर रहा है ?
(ख) पथ में विखरे शूल से क्या तात्पर्य है ?
(ग) कैसी धराए नाविक के धैर्य की परीक्षा लेती है ?
(घ) प्रतिकूल शब्द का विलोम अर्थ लिखिए-
(ड) इन पंक्तियों का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

पाठ 1. चिड़िया और चुरुंगुन

प्रश्न 1. 1 अंक वाले प्रश्न |

क). कविता में कौन किससे बातें कर रहा है ?

ख) चुरुंगुन माँ से क्या जानना चाहता है ?

ग) पत्ते आपस में क्या कर रहे थे ?

घ) अन्य चुरुंगुन किसका इन्तजार कर रहे थे ?

ङ) आसमान से क्या पुकार आ रही थी?

च) फल कैसे थे ?

छ) धरती पर क्या पड़े हुए थे ?

ज) माँ ने करुन्गुन को क्या समझाया ?

झ) 'चिड़िया और चुरुंगुन' कविता के कवि का नाम बताएँ |

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). चुरुंगुन क्यों समझ रहा था कि उसे उड़ना आगया है ?

ख) पक्षी के बच्चे उड़ने के काबिल कब होते है.?

ग) कविता में चुरुंगुन ने क्या – क्या काम किया है ?

घ) माँ ने चुरुंगुन को कब उड़ने की अनुमति दी ?

ङ) आप चुरुंगुन के समान है | आप के माता-पिता आपको क्या-क्या कार्य करने की आज़ादी देते है?

पाठ 2. आँखें खोल दी

प्रश्न 1. 1 अंक वाले प्रश्न |

क). कांता के परिवार की आर्थिक हालत कैसी थी ?

ख) कांता काम करने में कैसी थी ?

ग) किसने कांता को वर्णमाला लिखते हुए देखा था?

घ) कांता के पिता को अस्पताल किसने पहुँचाया ?

ङ) अंत में ठेकेदार किस डर से समझौता करने आया ?

च) कांता अपने परिवार की मदद क्यों कर पाई ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). कांता से सभी क्यों प्रभावित थे?

ख) कांता के पिता को अस्पताल क्यों ले जाया गया ?

ग) अध्यापिका ने कांता की मदद कैसे की ?

घ) कांता के पिता उसे स्कूल क्यों नहीं भेजना चाहते थे ?

ङ) कांता को स्कूल के बजाय सेठ के घर क्यों भेज दिया गया ?

च) कांता ने सभी का मन कैसे जीत लिया ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). कांता की पढ़ाई का भेद खुलने पर पिता की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

ख) कांता की विशेषताएँ बताएँ |

ग) कांता की क्या इच्छा थी ? वह क्यों नहीं पूरी हो पाई ?

घ) बेटियाँ भी शिक्षा प्राप्त कर परिवार की मदद कर सकती है ? इस पर अपने विचार लिखें ?

पाठ 3. उपहार

प्रश्न 1. 1 अंक वाले प्रश्न |

क). किसके सुझाए गए उपाए के अनुसार शेरोजा ने चिड़िया पकड़ी ?

ख) पिंजड़े में फसने के बाद चिड़िया ने क्या किया ?

ग) शेरोजा ने कितने दिनों तक चिड़िया की अच्छी तरह से देखभाल की ?

घ) शेरोजा को अंत में क्या सबक प्राप्त हुआ ?

ङ) मरने पर चिड़िया किस स्थिति में थी ?

च) शेरोजा को ढेर सारे उपहार क्यों मिले थे ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क). शेरोजा की माँ ने उसे चिड़िया के बारे में बताते हुए क्या समझाया ?

ख) शेरोजा की लापरवाही से पिंजड़े की दशा कैसी हो गई थी ?

ग) चार ऐसे पक्षियों के नाम बताओं जिन्हें हम पालते है तथा चार ऐसे पक्षियों के नाम बताओं जिन्हें हम पाल नहीं सकते ?

घ) उपहार कहानी से हमें क्या सीख मिलती है ?

ङ) चिड़िया ने खाना – पीना क्यों छोड़ दिया होगा ?

प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |

क). अंत में चिड़िया की अवस्था को देख कर माँ ने शेरोजा से क्या कहा ?

ख) उपहार पाठ के आधार पर चिड़ियों के स्वभाव की विशेषता बताएँ |

पाठ 4. कल-कल छल-छल बहती सरिता

प्रश्न 1. 1 अंक वाले प्रश्न |

क). अपने पथ में आने वालेवाली बाधाओं को देखकर नदी क्या करती है ?

ख) महल और कुटिया किसके प्रतीक है ?

ग) नदी की गति को रोकने की कोशिश कौन करता है ?

घ) नदी लोगों को क्या नहीं सिखाती है ?

ङ) ‘कल-कल छल-छल बहती सरिता’ के कवि कौन है ?

प्रश्न 2. 2 अंकों वाले प्रश्न |

क).नदी के मार्ग में क्या-क्या रुकावटें आती है ?

ख) पर्वत, पाषाण, वन और गह्वर किसके प्रतीक है ?

घ) **प्रश्न 3. 3 अंकों वाले प्रश्न |**

क).नदी हमें क्या सीख देती है ?

ख) निम्न पंक्तियों की व्याख्या करें –

पाषाण शिला आती मेरे,
फूलों के मग में कंटक बन |
पर उन्हें देखकर कब ठहरा
मेरे प्रवाह का वेग प्रखर |

व्याकरण

क). निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें |

फूल, बाट, तरु, सरिता, पर्वत, लहर,

ख) निम्नलिखित शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखें |

दाना-दान, काट-कीट,

ग) निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो तुक वाले शब्द लिखें |

बात, शूल, गति, बन,

घ) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण विच्छेद करें |

काया, मंगल, मित्र, तृष्णा, दुर्गम, कंचन, मंद,

ङ) शब्दार्थ लिखें |

चुरुंगुन, डैने, काया, बाट, ,मुराद, प्रवीण, संयत, प्रेरित करना, आभास, विशिष्ट, आवेश, पर्वत, पाषाण, मग, कंटक, तृष्णा,

च) संज्ञा के भेद लिखें |

छ) निम्नलिखित शब्दों के लिए भाववाचक संज्ञा लिखें |

मित्र, अच्छा, खेलना, तेज,

ज) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें

मति मारा जाना, आँखें खोल देना

झ) संज्ञा के कितने भेद होते है ? उनके नाम बताएँ |

ञ) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ |

मित्र, अच्छा, खेलना, तेज,

ट) निम्नलिखित शब्दों को उत्पति के आधार पर तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज और संकर शब्द में बाटें |

अध्यापिका, फार्म, रेलगाड़ी, जंगला, आग,

ठ) दार, ई. ता प्रयय से एक-एक शब्द बनाएँ |

ड) सर्वनाम किसे कहते है?

ढ) विशेषण के भेद बताएँ ?

ण) पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद बताएँ |

त) क्रिया विशेषण किसे कहते है |

थ) क्रिया विशेषण के भेद लिखें |

द) निम्नलिखित शब्दों को शब्द कोष के अनुसार लिखें |

मोहन, चम्मच, तबला, ईख, आग,

ध) मोहन ने जैसा किया वैसा पाया |संज्ञा और सर्वनाम पहचान कर उसके भेद का नाम लिखें |

न) रवि को अपने घर की हालत देख कर बड़ा दुःख हुआ | संज्ञा पहचाने और उसके भेद के नाम लिखें |

प) राम के चार भाई हैं | वाक्य में विशेषण पहचाने और उसके भेद के नाम लिखें |

फ) निम्न शब्दों के दो – दो अलग – अलग अर्थ लिखें |

पर, भूल, कर

ब) रवि जोर-जोर से गा रहा है | मोहन पाँच बजे उठता है | सुरेश दरवाजे के पास पहुँचा | ऋचा बहुत पढ़ती है |

पाठ : 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक स्तरीय)

प्रश्न 1. 1 अंक वाले प्रश्न |

1. 'दुर्लभ गुण' पाठ के लेखक कौन हैं?
2. राजकिशोर कौन हैं ?
3. बसंत क्या बेचता है ?
4. बसंत में कौन सा दुर्लभ गुण है ?
5. बसंत के माता-पिता की मृत्यु कैसे हुई थी ?

पाठ : 6

1. जूलिया कौन थी ?
2. 'अन्याय का विरोध' पाठ के लेखक कौन हैं?
3. लेखक जूलिया को क्या सिखाना चाहता था ?
4. अंत में लेखक ने जूलिया को कितने रूबल दिए ?
5. 'चेहरा पीला पड़ना' मुहावरे का अर्थ लिखें।
6. जूलिया का मासिक वेतन कितना निश्चित हुआ था ?

पाठ : 7

1. पंडित जी किस तरह के इंसान थे ?
2. छींक दोष निवारण के लिए पंडित जी ने क्या किए?
3. तांगेवाले को पंडित जी ने कितने पैसे दिए ?
4. 'असबाब' का अर्थ क्या है?
5. पंडित जी के अनुसार एक अपशकुन बताइए।
6. मोहल्ले मे कितने काने थे ?

पाठ : 8

1. 'इसे जगाओ' कविता के रचयिता कौन हैं?
2. 'विप्र' का अर्थ क्या है?
3. 'इसे जगाओ' कविता में कवि किसे जगाने की बात कह रहा है ?
4. 'इसे जगाओ' कविता का संदेस क्या है ?
5. पंछी बेखबर व्यक्ति को कैसे जगाता है ?

पाठ : 9

1. 'मेहमान की वापसी' पाठ मे मेहमान कौन है ?
2. जौली कौन था ?
3. अजय को पोस्टकार्ड किसने भेजा ?
4. 'मेहमान की वापसी' पाठ मे कुत्ते की किस गुण को दर्शाया गया है ?
5. 'मेहमान की वापसी' पाठ की लेखिका कौन हैं ?
6. 'फूलकर कर कुप्पा होना' मुहावरे का अर्थ लिखें ?

<u>व्याकरण</u>

1. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग करें।

(i) पलकें बिछाना : ....

(ii) पलकें पसीजना : ....

(iii) चेहरा पीला पड़ना : ....

(iv) हक्का बक्का होना : ....

(v) आग-बबूला होना : ....

(vi) हाथ-पैर ढीले पड़ना : ....

(vii) दाँत पीसना : ....

2. निम्न शब्दों के विलोम लिखें:-

(क) सेवक : .... (ख) ईमानदार : ....

(ग) प्रवेश : .... (घ) मुश्किल : ....

3. निम्न शब्दों का उदाहरण के अनुसार वचन बदलिए:-

(क) छुट्टी : .... : ....

(ख) डायरी : .... : ....

(ग) प्याली : .... : ....

(घ) नौकरानी : .... : ....

4. निम्नलिखितउपसर्गों का प्रयोग कर एक-एक शब्द बनाएँ:-

अति , प्रति, निर, दूर, बे, सु, अ, ला आदि।

5. निम्न शब्दों के लिंग बताएं:-

(क) पंछी : .... (ख) सूरज : ....

(ग) क्षण : .... (घ) दीपक : ....

6. निम्नांकित शब्दों के वर्ण अलग-अलग करके लिखें –

(क) अजय : .... (ख) आज्ञाकारी : ....

(ग) दाहिना : .... (घ) दोस्ती : ....

7. 'सर्वनाम' की परिभाषा लिखें व उसके भेद बताएँ।

8. निम्न वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों का भेद लिखें-

(क) उसने मुँह फेर लिया। : ....

(ख) इस वक्त कौन होगा? : ....

(ग) जो करेगा सो भरेगा। : ....

(घ) मैं स्वयं वहाँ जाऊँगा। : ....

(ङ) कुत्ते को कुछ खिलाओ। : ....

9. दिए गए वाक्यों में क्रिया का सही रूप प्रयोग करके वाक्य पूरे करें-

(क) मम्मी ने मोटी-मोटी रोटियाँ...।

(ख) तुमने खाना क्यों नहीं...।

(ग) जौली ने उस तरफ आँख उठाकर भी नहीं.............................।

(घ) मौसी ने उसे अपनी गोद मे ले ....।

पाठ : 5 लघु उत्तरीय प्रश्न (2 अंक स्तरीय)

1. बसंत को चोट कैसे लगी ?

2. पं॰ राजकिशोर ने छलनी क्यों खरीदी ?

3. राजकिशोर का स्वभाव कैसा था ?
4. बसंत राजकिशोर का पैसा क्यों नहीं लौटा पाया ?
5. प्रताप राजकिशोर का घर क्यों ढूँढ रहा था ?
6. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?
7. कृष्ण कुमार की बसंत के बारे में क्या सोच थी ?
8. बसंत अनाथ कैसे हुआ ?

पाठ : 6

1. 'अन्याय का विरोध' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?
2. जूलिया का स्वभाव कैसा था ?
3. लेखक जूलिया को क्या सिखाना चाहता था ?
4. आपके अनुसार लेखक का स्वभाव कैसा था ?
5. जूलिया क्यों खुश हुई ?
6. लेखक ने जूलिया को क्या सीख दी ?
7. जूलिया ने लेखक को धन्यवाद क्यों दिया ?

पाठ : 7

1. 'वाह रे अपशकुन' पाठ के अनुसार दो अपशकुन बताइए।
2. पंडित जी के दो स्वभाव बताइए।
3. पंडित जी अंधविश्वासी थे। कैसे ? किसी एक उदाहरण द्वारा समझाइए।
4. काना को देखकर पंडित जी कि क्या प्रतिक्रिया हुई ?
5. पंडित जी ने मोहल्ला क्यों छोड़ा ?
6. लेखक के अनुसार नास्तिक कि परिभाषा लिखिए।

पाठ : 8

1. 'इसे जगाओ' कविता से हमें क्या सीख मिलती है?
2. वक्त पर नहीं जागने पर क्या-क्या हो सकता है ?
3. बेखबर व्यक्ति को कौन-कौन जगा रहा है ?
4. 'विप्र' व्यक्ति कि पहचान क्या है?
5. बेवक्त जागने पर क्या नुकसान हो सकता है ?

पाठ : 9

1. 'मेहमान कि वापसी' पाठ मे अजय के कौन से स्वभाव को दर्शाया गया है?
2. जौली के चले जाने पर अजय कि क्या प्रतिक्रिया हुई ?
3. अजय जौली से प्यार करता था। कैसे ?
4. राय अंकल जौली को क्यों छोड़ गए ?
5. जौली अजय के घर खाना क्यों नहीं खा रहा था ?
6. जौली के दो स्वभाव के बारे में बताएं।
7. 'मेहमान की वापसी' पाठ में कुत्ते के किस गुणों की चर्चा हुई है?
8. पहली बार जौली को देखकर अजय ने क्या सोचा था ?
9. मम्मी जौली के आने से खुश क्यों नहीं थी ?

10. जौली अजय से प्यार करता था। दो उदाहरण देकर समझाएँ।

विचारात्मक प्रश्न **(3 अंक स्तरीय)**

पाठ : 5

1. 'दुर्लभ गुण' एकांकी के आधार पर बसंत का चरित्र अपने शब्दों में कीजिए।

2. 'समझेंगे एक रुपया देकर यह पाठ पढ़ा' राजकिशोर ने ऐसा क्यों कहा?

पाठ : 6

3. जूलिया के किन-किन गलतियों के कारण उसका वेतन काटा गया ?

4. आप अन्याय का विरोध कैसे करेंगे ? कोई एक उदाहरण देकर समझाएँ।

पाठ :7

5. 'पंडित जी अंधविश्वासी थे' उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए।

6. हमें समाज के फैले अंधविश्वास को दूर करने के क्या उपाय करने चाहिए।

7. पंडित जी ने अपनी यात्रा क्यों स्थगित कर दी ?

पाठ : 8

8. 'विप्र तो वह है, जो सही क्षण में सजग है'। इसका भावार्थ लिखें।

9. समय का सदुपयोग आप अपने जीवन में कैसे करेंगे ?

पाठ : 9

10. 'अजय को एक सच्चा साथी मिल गया' कैसे?

11. अजय के पैरों मे जौली का लिपट जाना किस भाव का सूचक है ? स्पष्ट करें।

व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न:- निम्न वाक्यों में क्रिया का काल पहचान कर काल का भेद लिखें|

- क) रमा गाना गाएगी|
- ख) मैं कोलकाता जा रहा हूँ|
- ग) घोडा घास खाता है|
- घ) राम पुस्तक पढ़ेगा|
- ङ) ममता बनारस गई थी|

रचनात्मक लेखन (पत्र लेखन) **(5 अंक स्तरीय)**

1. समय का महत्व समझाते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

2. अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय छोडने का प्रमाण-पत्र लेने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

3. विद्यालय में 'स्वतंत्रता दिवस' का वर्णन करते हुए अपने पिता को एक पत्र लिखें।

4. 'अंधविश्वास उन्नति के मार्ग में बाधा है'। क्या आप भी ऐसा सोंचते हैं? इस विषय पर आप अपना विचार व्यक्त करें।

संवाद लेखन:-

1. वोट माँगते आए नेता और आम जनता के बीच होने वाले संवाद लिखिए|
2. अपने घर में आए मेहमान से हुए वार्तालाप को लिखिए|

....